**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जनपदीय क्वालिटी एश्योरेंस समिति की बैठक दिनांक- 27.03.17 की कार्यवृत्ति -**

बैठक में उपस्थिति –

1.मुख्य चिकित्साधिकारी,मीरजापुर|
2.अपर मुख्य चिकित्साधिकारी(आर०सी०एच०),मीरजापुर|
3.मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,जिला मंडलीय चिकित्सालय,मीरजापुर|
4.मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,जिला महिला चिकित्सालय,मीरजापुर|
5.अधीक्षक सामु०स्वा०केंद्र-चुनार,कछवा,शिखर,मीरजापुर|
6.प्रभारी चिकित्साधिकारी प्रा०स्वा०केंद्र-चुनार,विजयपुर,मीरजापुर|
7.डा०मंजूलता,स्त्रीरोग विशेषज्ञ,जिला महिला चिकित्सालय,मीरजापुर|
8.डॉ० नीलेश श्रीवास्तव,एनेस्थेटिस्ट,जिला महिला चिकित्सालय,मीरजापुर|
9.डॉ० आर०के०सिंह,बाल रोग विशेषज्ञ, जिला मंडलीय चिकित्सालय,मीरजापुर|
10.डॉ० प्रदीप कुमार,फिजिशियन, जिला मंडलीय चिकित्सालय,मीरजापुर|
11.डॉ०अर्चना कसेरा,ओमकार क्लिनिक,दंकीनगंज,मीरजापुर|
12.श्री आशुतोष अग्रवाल(डी०जी०सी०क्रिमिनल),कार्यालय जिला न्यायधीश,मीरजापुर|
13.श्रीमती पानमती मैट्रन, जिला मंडलीय चिकित्सालय,मीरजापुर|

कार्यवाही-

जनपदीय क्वालिटी एश्योरेंस समिति की बैठक दिनांक 27.03.17 को अपरान्ह 12 बजे जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में आयोजित हुई|

जिलाधिकारी महोदया की अनुमति से बैठक को प्रारंभ करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी द्वारा समस्त प्रतिभागियों का स्वागत किया गया| तदोपरांत जनपदीय क्वालिटी कंसलटेंट द्वारा निम्नानुसार बैठक हेतु प्रस्तुतिकरण किया गया| बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओ पर चर्चा एवं समीक्षा करते हुए निर्णय लिए गए|

1.सर्वप्रथम जनपदीय क्वालिटी कंसलटेंट द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर बनी कमेटियों का विवरण प्रस्तुत किया गया,जिसमें जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिक्षको एवं प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया की जहाँ पर कमेटियो का निर्माण नहीं हुआ है वहां उसे बना के समसामयिक बैठक आयोजित की जायें एवं इसके सापेक्ष में क्वालिटी एश्योरेंस सेल को अवगत कराया जाये|

2.वित्तीय वर्ष 2017-18 में कायाकल्प के अंतर्गत समायोजित नवीन चिकित्सा इकाईयों का विवरण प्रस्तुत किया गया एवं जिलाधिकारी ने क्वालिटी कंसलटेंट को निर्देशित किया कि इसके अंतर्गत मीरजापुर की समस्त स्वास्थ्य इकाईयों पर सुदृढकरण हेतु कार्य करने की आवश्यकता है|

3.कायाकल्प योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य इकाईयों का स्कोर प्रस्तुतीकरण-राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान की दिशा में कायाकल्प अवार्ड योजना के अंतर्गत चिकित्सालयों के मूल्यांकन से सम्बंधित स्कोर प्रस्तुत किया गया एवं उनकी समीक्षा की गयी| समीक्षा में पाया गया की चिकित्सालयों में कुछ हद तक सुधार हुए है किन्तु उनमें अपेक्षित सुधार कर उनका स्कोर बढ़ाये जाने की आवश्यकता है जिससे कायाकल्प अवार्ड योजना में जनपद मीरजापुर की अपेक्षित सहभागिता हो सके|

4.क्वालिटी एश्योरेंस के अंतर्गत के०पी०आई० रिपोर्टिंग की मासिक समीक्षा-जनपदीय क्वालिटी कंसलटेंट द्वारा जिला महिला चिकित्सालय मीरजापुर की के०पी०आई० रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी एवं जिला अधिकारी महोदया को अवगत कराया गया कि अन्य स्वास्थ्य इकाईयों की मासिक के०पी०आई०रिपोर्ट प्राप्त नहीं हो रही है जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अन्य इकाईयों के प्रभारियो निर्देशित किया की अग्रिम माह से सभी इकाईयों से रिपोर्ट क्यू०ए०सेल को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित हो|

5. कायाकल्प चेकलिस्ट के आधार पर चिकित्सा इकाइयों के सामान्य गैप्स की समीक्षा-चिकित्सालय के छः थीमेटिक एरिया के प्रमुख गैप्स प्रस्तुत किये गए एवं उन्हें दूर करने के निर्णय लिए गए-

- जनपदीय कंसलटेंट द्वारा यह अवगत कराया गया कि कायाकल्प चेकलिस्ट के बिन्दुओं के आधार पर जिला चिकित्सालय ने अपने दोनों मुख्य द्वारो पे कैटल ट्रैप की व्यवस्था करायी है ,किन्तु अन्य इकाईयों पर अभी कोई व्यवस्था नहीं है ,इसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदया ने ये निर्देश दिया कि अन्य इकाईयों पे भी ये व्यवस्था अनटाईड फण्ड से करना सुनिश्चित की जाये|
- जिला चिकित्सालय ने कायाकल्प की चेकलिस्ट का प्रयोग करते हुए अपने परिसर में पेस्ट कण्ट्रोल हेतु हाउसकीपिंग के आउटसौर्सिंग के साथ ये व्यवस्था सुनिश्चित करायी है किन्तु अन्य चिकित्सा इकाईयों पे इससे सम्बंधित कोई व्यवस्था नहीं है ,इसी क्रम में जनपदीय कंसलटेंट ने ये अवगत कराया कि दो फर्म से पेस्ट कण्ट्रोल हेतु कोटेशन लिया जा चुका है एवं इकाईयों को शीघ्र ही उपलब्ध करा दिया जायेगा एवं इसे अपने स्तर से कार्यवाही कर शीघ्र ही पेस्ट कण्ट्रोल उपाय करना सुनिश्चित करें|
- जिला चिकित्सालय,प्राथमिक स्ववास्थ्य केंद्र विजयपुर में मरीजो की सुविधा हेतु मच्छरदानी उपलब्ध है एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार में इसके लिए आर्डर दिया गया है,जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन इकाईयों पे मच्छरदानी उपलब्ध नहीं है वहां प्रचुर मात्र में इसकी व्यवस्था की जाये|
- जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय के परिसर में अनधिकृत विक्रेताओं द्वारा स्टाल लगाये जाने पर जिलाधिकारी महोदया आपत्ति जताई एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि इस पर सख्त कार्यवाही की जाये |
- चिकित्सालयों के डिस्प्ले बोर्ड के प्रकाशयुक्त होने पर जनपदीय कंसलटेंट द्वारा यह बताया गया कि जिला चिकित्सालय,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र- विजयपुर में यह प्रकाशयुक्त है जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र चुनार में इसके हेतु आर्डर दिया गया है| जिलाधिकारी ने सभी अधीक्षकों को निर्देशित किया कि इसको शीघ्र ही प्रकाशयुक्त करना सुनिश्चित करें|
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर के बिल्डिंग का रख-रखाव तथा मरम्मत कार्य कराया गया है तथा पूरे परिसर में विट्रीफाईड टाइल्स लगवाया गया है,साथ ही साथ रंगे,पुताई साफ़-सज्जा एवं एल०ई०डी० लैंप लगवाए गए हैं इसी के क्रम में जिलाधिकारी महोदया ने सम्बंधित को निर्देशित किया कि जहाँ पर बिल्डिंग के रख-रखाव की आवश्यकता है वहां पर आर०के० एस० के फण्ड से यह कार्य वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले करना सुनिश्चित करें|
- चिकित्सालयों में जल दुरूपयोग को रोकने हेतु कोई स्टाफ नामित नहीं है इसपर जिलाधिकारी महोदया को जनपदीय कंसलटेंट द्वारा यह बताया गया कि इस व्यवस्था हेतु प्रभारी चिकित्साधिकारी की तरफ से किसी स्टाफ को नामित किया जाये |
- परिसर के शौचालयों की सफाई व्यवस्था संतोषप्रद न बताने पे मुख्य विकास अधिकारी द्वारा इस पर कड़ा असंतोष प्रकट करते हुए बताया की इसके निरीक्षण हेतु कभी भी विजिट की जा सकती है अतः सभी को अपने परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान की आवश्यकता है|
- चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर डॉक्टर एवं मरीज की पर्सनल हाईजीन को ध्यान में रखते हुए क्वालिटी कंसलटेंट ने अपने विजिट के माध्यम से यह अवगत कराया कि आवश्यकता अनुसार लिक्विड सोप एवं क्लीनिंग मटेरियल उपलब्ध नहीं रहता अतः जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिया कि सभी आवश्यक मैटेरियल्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये|
- बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट ट्रांसपोर्टेशन हेतु जिलाधिकारी महोदय ने इसको बंद ट्राली में कराये जाने का निर्देश दिया तथा बायो-मेडिकल वेस्ट स्टोरेज के सम्बन्ध में इकाईयों पे वेस्ट स्टोरेज की व्यवस्था मानकानुसार की जाये|इसके क्रम में जनपदीय कंसलटेंट द्वारा बताया गया कि जिला चिकित्सालय पर इस स्टोरेज रूम के निर्माण की प्रक्रिया विचाराधीन है|
- इसी प्रकार नीडल स्टिक इंजरी हेतु कोई आवश्यक प्रोटोकॉल फॉलो नहीं किया इसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय ने निर्देशित किया कि स्टाफ एवं मरीज को नीडल प्रिक की दशा में नीडल इंजरी फॉर्म भरवाए जायें एवं आवश्यक कदम उठाये जायें|
- परिसर के ओवर हेडेड पानी के टैंक की साफ़ सफाई एवं क्लोरिनेशन के सम्बन्ध चिकित्सालयों में कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं है अतः जिलाधिकारी ने ये निर्देश दिया कि परिसर के जल का सामयिक कल्चर कराया जाये एवं परिसर के जल का क्लोरिनेशन प्रत्येक माह अनिवार्य रूप से कराया जाना सुनिश्चित हो|
- परिसर में स्टाफ द्वारा ड्रेस कोड का अनुपालन नहीं किया जाता एवं कुछ स्टाफ के पास नेम प्लेट्स एवं आई०डी०कार्ड उपलब्ध नहीं हैं,जिसके लिए जिलाधिकारी ने सभी अधीक्षकों को निर्देशित किया कि ड्रेस कोड का पालन सभी को अनिवार्य रूप से कराया जाये एवं सभी को नाम प्लेट्स शीघ्र से शीघ्र उपलब्ध करई जायें|

- चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर हुए बदलावों एवं गुड प्रैक्टिसेज की चर्चा-
- जिला चिकित्सालय में सभी कमेटियों का गठन किया जा चुका है एवं नियमतः इनकी मीटिंग भी सम्पादित की जा रही है|
- जिला चिकित्सालय में पेस्ट कण्ट्रोल की व्यवस्था भी हाउसकीपिंग के साथ-साथ की जा रही है|
- जिला चिकित्सालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में सभी मरीजों हेतु आवश्यक मात्र में मच्छरदानी भी उपलब्ध है|
- जिला अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का डिस्प्ले बोर्ड प्रकाशयुक्त है एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार में इसको लगवाने हेतु आर्डर दिया जा चुका है|
- हाउसकीपिंग के सभी रिकाड्र्स एवं चेकलिस्ट जिला चिकित्सालय में सुचारू रूप से मौजूद हैं एवं थ्री बकेट ट्राली मोप्पिंग के लिए प्रयोग में लायी जा रही है|
- जिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार पे कैटल को रोकने हेतु कैटल ट्रैप लगाया जा चुका है|
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार एवं सामुदायिक स्वास्त्य केंद्र कछवा में परिसर की गार्डनिंग एवं लैंडस्केपिंग की गयी है एवं हर्बल गार्डन हेतु कुछ पौधों का रोपण भी हुआ है|
- चिकित्सालय परिसर के जल एवं क्रिटिकल एरियाज का सर्वेल्लिंस जिला चिकित्सालय में कराया जा रहा है|
- जिला चिकित्सालय में पोलुशन कण्ट्रोल बोर्ड से एन०ओ०सी०प्राप्त की जा चुकी है|
- स्टेट्री कोम्प्लिप्स को पूरा करने की दिशा में सभी इकाईयों पे फायर सेफ्टी आडिट कराई जा चुकी है एवं ऑडिट से सम्बन्धी दिशा निर्देश एवं बजट एस्टीमेट से शासन को अवगत कराया जा चुका है|

इसके पश्च्यात एन०क्यू० एस०के बारे में जनपद कंसलटेंट द्वारा बताया गया कि इसे कायाकल्प के अधीन चयनित सभी इकाईयों पर त्रैमासिक असेसमेंट कर के लागू किया जायेगा|

फॅमिली प्लानिंग एवं इन्डेमनिटी कमेटी के अंतर्गत हुए असफल नसबंदी केस की समीक्षा-

फॅमिली प्लानिंग एवं इन्डेमनिटी समिति के अंतर्गत शामिल केसेस पे विस्तृत चर्चा करते हुए तीन असफल नसबंदी केसों की चर्चा की गयी जिसका विवरण जनपदीय परामर्शदाता द्वरा निम्नवत दिया गया-

1.प्रथम लाभार्थी श्रीमती कलावती देवी पत्नी श्री बबलू यादव ग्राम रामपुर पोस्ट बल्ली परवा,मीरजापुर की नसबंदी दिनांक-05.04.2011 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह पे हुई थी एवं लाभार्थी ने दिनांक-11.09.2016 को समस्त साक्ष्यो के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में इसकी सूचना दी|
2.द्वितीय असफल केस श्रीमती कलावती देवी,पत्नी श्री शम्भू पटेल,ग्राम कूर्वाकखुर्द,पोस्ट सक्तेशगढ़ मीरजापुर,की नसबंदी दिनांक-20.10.12 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-अहरौरा में हुई थी तथा लाभार्थी के पति द्वारा दिनांक-16.02.16 को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में असफलता की जानकारी दी,एवं समस्त आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत किये|
3.तृतीय केस श्रीमती मंजू देवी,पत्नी श्री दिनेश ग्राम जाफराबाद,पोस्ट चतुरीपुर मीरजापुर,की नसबंदी दिनांक-07.01.14,को प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र जमालपुर,मीरजापुर में हुआ था,जिसकी असफलता की सूचना ,समस्त आवश्यक अभिलेखों एवं साक्ष्यो के साथ कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी में दिनांक-13.10.15 प्रस्तुत की गयीं|

उपरोक्त समस्त केसों के बारे में जिलाधिकारी द्वारा यह निर्देश दिया गया कि समस्त साक्ष्य एवं अभिलेख समिति के सदस्यों द्वारा सत्यापित करने के पश्च्यात उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाये|

बैठक के अंत में मुख्य चिकित्साधिकारी बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन करते हेतु निर्देशित किया तथा समस्त प्रतिभागियों को धयवाद देते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की|

मुख्य चिकित्साधिकारी
मीरजापुर|

जिलाधिकारी
मीरजापुर|

पत्रांक संख्या-मु० चि० अ०/डी०क्यू०सी०/कार्यवृत्ति/2016-17 दिनांक .. /04/17

प्रतिलिपि-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1.मिशों निदेशक,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन लखनऊ,उ०प्र०|
2.महाप्रबंधक,क्वालिटी एश्योरेंस,एन०एच० एम० , लखनऊ,उ०प्र०|
3.जिलाधिकारी/अध्यक्ष,जिला स्वास्थ्य समिति,मीरजापुर|
4.अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,विन्ध्याचल मंडल,मीरजापुर|
5.मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,जिला मंडलीय चिकित्सालय,मीरजापुर|
6.मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,जिला महिला चिकित्सालय,मीरजापुर|
7.अधीक्षक सामु० स्वा० केंद्र-चुनार,कछवा,|
8.प्रभारी चिकित्साधिकारी प्रा० स्वा० केंद्र-चुनार,विजयपुर,हलिया|

मुख्य चिकित्साधिकारी
मीरजापुर|